DSSSB TGT & PGT
Part-B
SCHOLAR BATCH
संस्कृत
समास
Part -8
LIVE
24-07-2024 05:00 PM

समास

बहुव्रीहि समास

"प्रायेणान्यपदार्थप्रधानो बहुव्रीहिः" अर्थात् जहाँ न तो पूर्व पद प्रधान हो और न ही उत्तर पद, जबकि दोनों से मिलकर बने समस्त पद का अन्य अर्थ ही प्रधान हो वहाँ **बहुव्रीहि समास** होता है।

सूत्रः "अनेकमन्यपदार्थे" (2/2/24)

वृत्तिः अनेकं प्रथमान्तमन्यपदार्थे वर्तमानं वा समस्यते स बहुव्रीहिः।

सूत्रार्थः अन्य पदार्थ की प्रधानता में विद्यमान अनेक प्रथमान्त पद में बहुव्रीहि समास होता है।

बहुव्रीहि मुख्यतः निम्न प्रकार का होता है-



समानाधिकरण बहुव्रीहि समास

बहुव्रीहि समास के विग्रह वाक्य के पदो में विभक्तियाँ समान होती है वहाँ समानाधिकरण बहुव्रीहि समास होता है।

समास विग्रह	सामासिक पद (अर्थ सहित)
नीलं कण्ठं यस्य सः	नीलकण्ठः (शिवः)
श्वेतम् अम्बरं यस्य सः	श्वेताम्बरः (साधु)
दामम् उदरं यस्य सः	दामोदरः (श्रीकृष्णः)
चत्वारि आननानि यस्य सः	चतुराननः (ब्रह्मा)

प्राप्तम् उदकं यं सः	प्राप्तोदकः
लब्धा प्रतिष्ठा येन सः	लब्धप्रतिष्ठः (विद्वान्)
पञ्च आननानि यस्य सः	पञ्चाननः (शिवः)
गज इव आननं यस्य सः	गजाननः (गणेशः)
विगतः धवः (पतिः) यस्याः सा	विधवा
दर्शनीया भार्या यस्य सः	दर्शनीयभार्यः
पट्वी भार्या यस्य सः	पटुभार्यः
वीराः पुरुषाः यस्मिन् सः	वीरपुरुषः

हुतः होमः येन सः	हुतहोमः
बहवः पण्डिताः यस्मिन् सः	बहुपण्डितः
युक्तः योगः अनेन इति	युक्तयोगः
सर्वे श्वेताः यस्मिन् सः	सर्वश्वेतः

व्यधिकरण बहुव्रीहि समास

बहुव्रीहि समास के विग्रह वाक्य के पदों में विभक्तियाँ अलग-अलग हो तो व्यधिकरण बहुव्रीहि समास कहलाता है।

समास विग्रह	सामासिक पद (अर्थ सहित)
कण्ठे कालः यस्य सः	कण्ठेकालः
उदरे मणिः यस्य सः	उदरमणिः
उरसि लोमानि यस्य सः	उरसिलोमा
कण्ठे गडुः यस्य सः	गडुकण्ठः

चक्रं पाणौ यस्य सः	चक्रपाणिः (विष्णु)
वीणा पाणौ यस्याः सा	वीणापाणिः (सरस्वती)
धनुः पाणौ यस्य सः	धनुष्पाणिः (श्रीरामः)
मृगस्य नयने इव नयने यस्याः सा	मृगनयनी (स्त्री)
चन्द्रस्य कान्तिः इव कान्तिः यस्य सः	चन्द्रकान्तिः
चन्द्रः शेखरे यस्य सः	चन्द्रशेखरः (शिवः)
वज्रः पाणौ यस्य सः	वज्रपाणिः

रमाया: कान्त: य: स:	रमाकान्त:
शूलं पाणी यस्य स:	शूलपाणि:
द्वौ मूर्धानी यस्य स:	द्विमूर्ध:
गदा पाणी यस्य स:	गदापाणि:

द्वन्द्व समास

"उभयपदार्थप्रधानः द्वन्द्वः" अर्थात जिस समास में उभयपद या सभी पदों की प्रधानता होती है, वहाँ द्वंद्व समास होता है) जैसे- रामश्च कृष्णश्च - रामकृष्णौ

रामः च कृष्णः च

यहाँ 'राम' और 'कृष्ण' दोनों पद प्रधान हैं, अतः इसमे द्वंद्व समास है।

सूत्रः "चार्थे द्वन्द्वः" (2/2/29)

वृत्तिः अनेकं सुबन्तं चार्थे वर्तमानं वा समस्यते स द्वन्द्वः।

सूत्रार्थः 'च' अर्थात् 'और' इस अर्थ में समास होता है। 'च' अर्थ के आधार पर द्वन्द्व समास के एकशेष को शामिल करके इसके कुल तीन भेद हो जाते हैं- 1. इतरेतरयोग द्वन्द्व समास 2. एकशेष द्वढ समास 3. समाहार द्वन्द्व समास

1. इतरेतरयोग द्वन्द्व समास

जिस समस्त पद में दोनों पदों का अर्थ अलग-अलग होता है, उसे इतरेतर द्वन्द्व कहते हैं। समस्त पद में संख्या के अनुसार द्विवचन या बहुवचन होता है, किन्तु लिङ्ग परिवर्तन परवर्ती या उत्तरवर्ती पद के अनुसार होता है।

सीतारामौ

रामकृष्णमोहना:

रामस्य कृष्णस्य मोहनस्य

समास विग्रह	सामासिक पद
रामश्च लक्ष्मणश्च	रामलक्ष्मणौ
सीता च रामः च	सीतारामौ
धर्मश्च अर्थश्च	धर्मार्थौ
कृष्णः च अर्जुनः च	कृष्णार्जुनौ
हरिः च हरः च	हरिहरौ
विष्णुः च रुद्रः च	विष्णुरुद्रौ
विष्णुः च शिवः च	विष्णुशिवौ

लवश्च कुशश्च	लवकुशौ
पार्वती च परमेश्वरश्च	पार्वतीपरमेश्वरौ
रामश्च कृष्णश्च	रामकृष्णौ
धर्मश्च अर्थश्च कामश्च मोक्षश्च	धर्मार्थकाममोक्षा:
पुत्रश्च कन्या च	पुत्रकन्ये
राधा च कृष्णश्च	राधाकृष्णौ
धनम् जनश्च यौवनञ्च	धनजनयौवनानि
माता च पिता च	मातापितरौ

2. एकशेष द्वन्द्व समास

- इस समास में जहाँ अन्य पदों का लोप होकर केवल एक ही पद शेष बचे, वहाँ एकशेष द्वन्द्व समास होता है।
- यह इतरेतर द्वन्द्व का ही एक भेद है। इसमें दो या दो से अधिक व्यस्त पदों के स्थान पर एक पद ही शेष रह जाता है।
- यहाँ दो या दो से अधिक पदों में से एक पद शेष रहता है।
- दो पदों में समास होने पर शेष रहे पद में द्विवचन तथा दो से अधिक पदों में समास होने पर शेष पद का बहुवचन में शब्द रूप बनता है।

सूत्र: "सरूपाणामेकशेष एकविभक्ती" (1/2/64)

वृत्ति: एकविभक्ती यानि सरूपाण्येव दृष्टांनि तेषामेक एव शिष्यते।

सूत्रार्थ: एक विभक्ति में रहने वाले समान रूप वाले पदों में द्वंद्व समास करने पर एक पद ही शेष रहता है। दो पदों में समास होने पर शेष रहे पद में द्विवचन तथा दो से अधिक पदों में समास होने पर शेष पद में बहुवचन में शब्द रूप बनता है

समास विग्रह	सामासिक पद
रामः च रामः च	रामौ
रामः च रामः च रामः च	रामाः
लता च लता च	लते
लता च लता च लता च	लताः

सूत्र: "पुमान् स्त्रिया" (1/2/67)

वृत्ति: स्त्रिया सहोक्तौस्त्र पुमान् शिष्यते तल्लक्षण एवं विशेषश्चेत्।

सूत्रार्थ: एक ही शब्द से बने पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों में द्वंद्व समास करने पर पुल्लिंग वाले का एकशेष होता है।

समास विग्रह	सामासिक पद
हंसः च हंसी च	हंसौ
चटकः च चटकाः च	चटकौ
छात्रः च छात्रा च	छात्रौ
नदश्च नदी च	नदौ
पुत्रश्च पुत्रीच	पुत्रौ
युवा च युवती च	युवानौ

सुत्रः "पिता मात्रा" (1/2/70)

वृत्तिः मात्रा सहोक्तौ पिता वा शिष्यते।

सूत्रार्थः मातृ और पितृ पदों में समास करने पर विकल्प से पितृ शब्द एकशेष होता है। एक शेष के अभाव में इतरेतर द्वंद्व होता है।

समास विग्रह - माता च पिता च

एक शेष द्वन्द्व – पितरौ

इतरेतर द्वन्द्व – मातापितरौ

3 समाहार द्वन्द्व समास

जहाँ द्वन्द्व समास में आये हुए पद अपना अर्थ बताने के साथ-साथ पदों का समाहार (संग्रह या समूह) का अर्थ भी बताया जाए, वहाँ समाहार द्वन्द्व समास होता है।

समास विग्रह	सामासिक पद
पाणी च पादौ च तेषां समाहार:	पाणिपादम्
अहश्च रात्रिश्च	अहोरात्रम्
रथाश्च अश्वाश्च तेषां समाहार:	रथाश्वम्

अहिश्च नकुलश्च	अहिनकुलम्
गौश्च अश्वश्च	गवाश्वम्
गौश्च एडका च	गवैडकम्
पुत्रश्च पौत्रश्च	पुत्रपौत्रम्
कृष्णश्च वामनश्च	कृष्णवामनम्
नक्तञ्च दिवा च	नक्तदिवम्
रात्री च दिवा च	रात्रिदिवम्
अहनि च विवा च	अहर्दिवम्

वाक् च त्वक् च	वाक्त्वचम्
छत्रं च उपानहं च	छत्रोपाहनम्
संज्ञा च परिभाषा च	संज्ञापरिभाषम्
समित् च दृषत् च	समिद्दृषदम्
वाक् च त्विट् च	वाक्त्विषम्

प्रश्न . द्वियमुनम् इत्यत्र अव्ययीभाव समास:केन सूत्रेण-

1-अव्ययीभावश्च

2-अव्ययीभाव:

3-नदीभिश्च

4-अव्ययीभावे चाकाले

प्रश्न- पञ्चगङ्गम् इत्यत्र समासो विद्यते-

1-अव्ययीभावः

2-तत्पुरुषः

3-द्विगुः

4-समाहारद्वन्द्वः

प्रश्न - कृष्णश्रितः इत्यत्र कःसमासःभवति-

1-द्विगुः

2-कर्मधारयः

3-तत्पुरुषः

4-बहुव्रीहिः

प्रश्न . धान्यार्थः इत्यत्र केन सूत्रेण तत्पुरुष समासः-

1- कर्तृकरणे कृता बहुलम्

2- तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन

3-अर्थेन नित्यसमासो विशेष्य लिङ्ङ्गता चेति वक्तव्यम्

4- कृङ्ग्रहणे गतिकारकपूर्वस्यापि ग्रहणम्

प्रश्न - गोसुखम् इत्यत्र कःसमासः-

1-तत्पुरुषः

2-अव्ययीभावः

3-कर्मधारयः

4-बहुव्रीहिः

प्रश्न - चोराद्भयं चोरभयम् इत्यत्र केन सूत्रेण तत्पुरुषसमासः-

1-पञ्चमी विभक्तेः

2-पञ्चमी भयेन

3- भयभीतभीतिभीभिरिति वाच्यम्

4- पञ्चम्याः स्तोकादिभ्यः

प्रश्न - राजपुरुषः इत्यत्र केन सूत्रेण षष्ठीतत्पुरुषः-

1-शेषे षष्ठी

2-षष्ठी

3-षष्ठी शेषे

4-षष्ठी हेतुप्रयोगे

प्रश्न - नीलमुत्पलं नीलोत्पलम् इत्यत्र केन सूत्रेण समासः-

1- विशेषणं विशेष्येण बहुलम्

2- तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः

3-कडाराः कर्मधारयः

4-प्राक्कडारात्समासः

प्रश्न - घन इव श्यामो घनश्यामः इत्यत्र केन सूत्रेण समासः भवति-

1- विशेषणं विशेष्येण बहुलम्

2- उपमानानि सामान्यवचनैः

3-तत्पुरुषः समानाधिकरणः कर्मधारयः

4-कडाराः कर्मधारयः

प्रश्न - कुत्सितः पुरुषः कुपुरुषः केन सूत्रेण नित्यसमासः-

1-गतिश्च

2-उपसर्गाः क्रियायोगे

3-कुगतिप्रादयः

4-ऊर्यादिच्विडाचश्च

प्रश्न - कुम्भं करोतीति कुम्भकारः इत्यत्र केन सूत्रेण उपपदसमासः भवति-

1- तत्रोपपदं सप्तमीस्थम्

2- उपपदमतिङ्

3- तत्पुरुषः

4-उपपदविभक्तेर्कारकविभक्तिर्बलीयसी

प्रश्न - समाहारद्वन्द्वस्योदाहरणं वर्तते-

1-द्वित्राः

2-हरिहरौ

3-ईशकृष्णौ

4-हस्तपादम्

प्रश्न - पाणिपादम् अस्मिन् पदे समासविग्रहः अस्ति-

1-पाणी च पादौ च

2-पाणिःच पादम् च

3-पाणिना च पादेन च

4-पाणि च पादौ च

प्रश्न - जगतः पितरौ वन्दे इत्यत्र पितरौ इत्यस्य कोऽर्थः-

1-पितृद्वयम्

2-माता च पिता च

3-मातृद्वयम्

4-पितृसमौ